# दिनदहाड़े नथ लूटकर भागे बदमाश 10 घंटे में गिरफ्तार, दूसरी वारदात का भी खुलासा



- माणकचौक पुलिस व साइबर सेल की संयुक्त कार्रवाई
- रावटी में हुई नथ लूट की वारदात भी कबूली

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** पुलिस ने महिलाओं से सोने की नथ लूटने वाली गैंग के दो शातिर आरोपियों को वारदात के महज 10 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपियों ने न केवल माणकचौक थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े महिला से नथ लूटने की वारदात को अंजाम दिया था, बल्कि पूछताछ में रावटी क्षेत्र में हुई एक अन्य लूट की घटना भी कबूल कर ली।

जानकारी के अनुसार 1 जून को बाजना बस स्टैंड क्षेत्र में दो बाइक सवार बदमाशों ने एक महिला को डराकर उसकी नाक में पहनी सोने की नथ छीन ली थी। घटना के बाद फरियादी की शिकायत पर माणकचौक थाने में मामला दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देश पर थाना माणकचौक और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र की मदद से आरोपियों की पहचान कर उन्हें हिरासत में लिया।

पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम विष्णु मईड़ा और मोहन भाभर बताया। दोनों ने माणकचौक क्षेत्र की वारदात स्वीकार करने के साथ 30 मई को रावटी क्षेत्र में महिला की नथ लूटने की घटना भी कबूल की। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 80 हजार रुपए कीमत की सोने की नथ, वारदात में प्रयुक्त पल्सर मोटरसाइकिल, दो मोबाइल फोन और 26 हजार 150 रुपए नकद बरामद किए हैं। वहीं रावटी क्षेत्र से लूटी गई करीब 1.30 लाख रुपए कीमत की दूसरी नथ भी बरामद कर ली गई है।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार दोनों आरोपी महिलाओं को अकेला देखकर उन्हें निशाना बनाते थे। आरोपियों की गिरफ्तारी से जिले में हाल के दिनों में हुई दो सनसनीखेज लूट की घटनाओं का खुलासा हो गया है। कार्रवाई में माणकचौक थाना, रावटी थाना और साइबर सेल की टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# गंगाजल बावड़ी के तल से मिला लाल पत्थर का प्राचीन शिवलिंग





- पत्रकारों और पार्षद के प्रयास से शुरू हुई सफाई में मिली ऐतिहासिक धरोहर
- 'जलकेश्वर महादेव' के रूप में होगी स्थापना

**विशाल भारती**

**नामली।** नगर की प्राचीन और ऐतिहासिक गंगाजल बावड़ी में चल रहे सफाई अभियान के दौरान एक ऐसा घटनाक्रम सामने आया जिसने पूरे क्षेत्र में उत्साह और आस्था का माहौल बना दिया।

मंगलवार को सुबह बावड़ी के तल से वर्षों पुराना लाल पत्थर से निर्मित एक शिवलिंग मिलने के बाद श्रद्धालुओं का तांता लग गया। सोशल मीडिया पर सूचना फैलते ही बड़ी संख्या में लोग दर्शन के लिए पहुंचने लगे। सफाई के दौरान मिले शिवलिंग को लेकर क्षेत्रवासियों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। स्थानीय लोगों का मानना है कि जिस बावड़ी से वर्षों से धार्मिक आयोजनों के लिए गंगाजल भरा जाता रहा है, वहां से शिवलिंग का मिलना किसी चमत्कार से कम नहीं है। इस बीच नगर परिषद प्रशासन ने बावड़ी के संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाने पर सहमति जताई है। बावड़ी पर लोहे की जाली लगाई जाएगी ताकि उसमें फूल-मालाएं और अन्य सामग्री न डाली जा सके। साथ ही गर्मी के दिनों में जल संकट से राहत के लिए परिसर में एक हजार लीटर क्षमता की पानी की टंकी भी स्थापित की जाएगी।

**सामुहिक प्रयास से शुरू हुई थी सफाई:** यह सफाई अभियान स्थानीय पत्रकारों की वर्षों पुरानी मांग और क्षेत्रीय पार्षद प्रहलाद राठौड़ के प्रयासों के बाद शुरू हुआ। लंबे समय से उपेक्षित पड़ी बावड़ी में गंदगी और धार्मिक सामग्री जमा होने से इसकी स्थिति खराब हो रही थी। पत्रकारों और जनप्रतिनिधियों के दबाव के बाद नगर परिषद ने कार्रवाई करते हुए दो दिन पहले विशेष सफाई अभियान शुरू कराया।

**शिवलिंग की विधि-विधान से स्थापना होगी**

क्षेत्रीय पार्षद प्रहलाद राठौड़ ने बताया कि प्राप्त शिवलिंग की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर बावड़ी की मुंडेर पर स्थापना की जाएगी। विद्वान पंडितों और धर्माचार्यों के मार्गदर्शन में इसे 'जलकेश्वर महादेव' के रूप में स्थापित करने की तैयारी की जा रही है। श्रद्धालुओं का मानना है कि यह खोज न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र बनेगी, बल्कि नामली की ऐतिहासिक धरोहर को नई पहचान भी देगी।

## सेमलिया में युवक ने की आत्महत्या, पुलिस जांच में जुटी

**रतलाम।** जिले के कालुखेड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सेमलिया में एक युवक का शव फांसी के फंदे पर लटका मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार ग्राम सेमलिया निवासी 33 वर्षीय राकेश पिता उत्तमलाल चौहान का शव सोमवार शाम गांव में स्थित एक कुएं के पास फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला। घटना की जानकारी मिलने पर परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। बाद में पुलिस को सूचना दी गई। मृतक की बहन निकिता चौहान की सूचना पर कालुखेड़ा थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ की है।




## चोरी का खुलासा करने वाली पुलिस टीम, पत्रकारों का भी किया सम्मान

**नवभारत न्यूज**

**सैलाना।** ज्वेलर्स की दुकान में हुई लाखों रुपये के सोने-चांदी की चोरी का चंद घंटों में खुलासा करने वाली पुलिस टीम का सराफा एसोसिएशन ने कार्तिक गार्डन में आयोजित समारोह में सम्मान किया। मामले में सक्रिय भूमिका निभाने वाले प्रेस क्लब के पत्रकारों का भी अभिनंदन हुआ।

एसडीओपी नीलम बघेल ने कहा कि जनता का विश्वास ही पुलिस का सबसे बड़ा हौसला है। चोरी की इस चुनौतीपूर्ण वारदात को साइबर टीम और पुलिस बल ने दिन-रात मेहनत कर सुलझाया। थाना प्रभारी पिंकी आकाश ने कहा कि बीच बाजार में हुई चोरी की घटना पुलिस के लिए बड़ी चुनौती थी। टीम ने लगातार मेहनत कर मामले का खुलासा किया और जनता का भरोसा कायम रखा। पूर्व थाना प्रभारी एवं वर्तमान बिलपांक थाना प्रभारी अय्यूब खान, साइबर सेल के प्रधान आरक्षक लक्ष्मीनारायण सूर्यवंशी ने अपनी बात रखी। सराफा एसोसिएशन अध्यक्ष दिनेश सोनी ने स्वागत भाषण दिया। इस अवसर पर दिनेश सोनी, मनीष ग्वालियरी, ओमप्रकाश सोनी, महेंद्र ग्वालियरी, योगेश संघवी, अनुकूल सोनी सहित अन्य व्यापारियों ने पुलिस अधिकारियों तथा प्रेस क्लब अध्यक्ष सुरेश मालवीय, वरिष्ठ पत्रकार विमल कटारिया, वीरेन्द्र त्रिवेदी, संतोष धाभाई, विमल मांडोत, कैलाश परिहार, मनोज भंडारी, संजय शर्मा एवं कृष्णा राठौड़,पंकज राणावत का सम्मान किया। संचालन विभोर ग्वालियरी व आभार जीतेन्द्र रांका ने किया।

**एक नजर में**

### गोपालजी का बड़ा मंदिर पर आज से शिव महापुराण

**रतलाम।** श्री गोपाल जी का बड़ा मंदिर न्यास माणकचौक रतलाम में पुरुषोत्तम मास के अवसर पर पूरे माह धार्मिक आयोजनों के अंतर्गत आज से शिव महापुराण कथा का आयोजन पंडित नंदकिशोर जी व्यास के द्वारा कथा का रसपान कराया जा रहा है । आज प्रथम दिन प्रस्तावना में सात संहिता का वर्णन शिवलिंग की उत्पत्ति आदि की भूमिका का वर्णन किया गया तथा आपने बताया कि भगवान सदाशिव ने सृष्टि के कल्याण के लिये तीन शक्तियों को प्रकट किया गया ब्रह्मा, विष्णु , महेश । इनके द्वारा सृष्टि उत्पन्न ,पालन एवं विलय क्रिया की गई । इसमें भगवान के द्वारा तीन गुणों का प्राकट्य बतलाया गया । सद,रज,तम इन तीनों गुणों से प्रकृति का संचालन जीव के कल्याण के लिये किया गया। श्री गोपाल जी का बड़ा मंदिर न्यास माणकचौक रतलाम अध्यक्ष मनोहर पोरवाल , सचिव महेश व्यास ने बताया कि पुरुषोत्तम मास में दिनांक 17 -5-2026 से एक माह तक किये जा रहे धार्मिक आयोजनों में शिव महापुराण से पूर्व भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया गया जिसकी विश्रांति के बाद आज से शिव महापुराण का आयोजन किया जा रहा है तथा इसके पश्चात श्री राम कथा का आयोजन किया जायेगा । इस तरह पूरे पुरुषोत्तम मास के अंतर्गत धार्मिक आयोजन किये जा रहे है । पंडित नंदकिशोर जी व्यास के मुखारविन्द से शिव महापुराण कथा का रसपान करने हेतु मांगीलाल अग्रवाल, पण्डित मदनलाल शर्मा , जगजीवन राम, जगदीश परिहार , महेश सोनी, मोहनलाल राठौर आदि सहित बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित थे ।

### भगवान श्रीकृष्ण को बग्गी में विराजमान कर भव्य शोभा यात्रा निकाली



**रतलाम।** श्री हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज महिला सहयोग संगठन द्वारा श्री पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष में पंच दिवसीय श्री कृष्ण सह स्रार्चन (108 नामों से अर्चन) का आयोजन हरियाणा गोड़ धर्मशाला में आचार्य पण्डित संजय ओझा ( गामोठ जी) के द्वारा दिनांक 29 मई से 2 जून तक कराया जा रहा । जिसका आज समापन पूजन अभिषेक किया गया । अभिषेक में तुलसी दल पुष्प अक्षय आदि सामग्रीयों से भगवान का अभिषेक पूजन अर्चन आदि किया गया । इसके पश्चात समस्त अभिषेक सहभागियों द्वारा हवन किया गया जिसमें पण्डित संजय ओझा द्वारा मंत्रोच्चार के साथ आहूतियां डलवाई गई । पांच दिवसीय सफल धार्मिक आयोजन के लिये श्री हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज द्वारा महिला सहयोग संगठन का प्रशस्ति पत्र देर सम्मान किया गया । प्रशस्ति पत्र का वाचन डॉ. राजेन्द्र शर्मा द्वारा किया गया । साथ ही आचार्य पण्डित संजय जी ओझा का शाल श्रीफल से सम्मान किया गया । सफल आयोजन के लिये महिला मंडल अध्यक्ष एवं समस्त सहयोगियों द्वारा आचार्य जी का एवं उनकी पूरी टीम का सम्मान किया गया । इसके पश्चात भगवान श्री कृष्ण को बग्गी में विराजमान कर भव्य शोभा यात्रा निकाली गई । जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं भक्तिगीत पर नृत्य करती हुए नगर में भ्रमण किया । इस अवसर पर महिला सहयोग संगठन , संरक्षक श्रीमती कोशल्या शर्मा, अध्यक्ष नीतु शर्मा , उपाध्यक्ष अनिता शर्मा , सचिव गायत्री शर्मा, संयोजक आशा शर्मा , टीना शर्मा, रमा शर्मा एवं श्री हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज अध्यक्ष बंशीलाल शर्मा , घनश्याम शर्मा , डॉ.राजेन्द्र शर्मा , गोपाल टंच, पार्षद विशाल शर्मा , रामबाबू शर्मा, केदार शर्मा, अन्नकूट समिति के गोपाल शर्मा,मुकेश शर्मा, चेतन शर्मा, अशोक शर्मा मौजूद थे ।

### किसानों के लिए राहत : कालूखेड़ा उपमंडी 5 जून से शुरू

**कालूखेड़ा।** क्षेत्र के किसानों के लिए राहत भरी खबर है। लंबे समय से प्रतीक्षित कालूखेड़ा उपमंडी का संचालन 5 जून से प्रारंभ होने जा रहा है। यहां किसानों की कृषि उपज की खरीदी की जाएगी। उपमंडी शुरू होने से क्षेत्र के हजारों किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए दूर-दराज की मंडियों में नहीं जाना पड़ेगा। उपमंडी के शुभारंभ से पूर्व क्षेत्रीय विधायक डॉ. राजेंद्र पांडेय ने मंडी परिसर का निरीक्षण किया। उनके साथ भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य केके सिंह कालुखेडा भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान प्लेटफॉर्म व्यवस्था, बारिश के दौरान जलभराव, बिजली व्यवस्था, मुरम भराव एवं नालों के माध्यम से पानी निकासी जैसी व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। सुखेड़ा मंडल महामंत्री कैलाश बारोड, मीडिया प्रभारी रूपसिंह राठौर, सोशल मीडिया प्रभारी राहुल बैरागी, जनपद सदस्य प्रतिनिधि देवीलाल धाकड़, नितेश भंडारी, मुकेश धूवार सहित किसान एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# लंबे इंतजार के बाद मिला नया डीपीसी, शिक्षकों ने किया स्वागत



- अखिलेश राजपूत ने संभाला जिला परियोजना समन्वयक का पदभार
- आजाद अध्यापक शिक्षक संघ ने किया अभिनंदन

**रतलाम।** जिले के शिक्षा महकमे में लंबे समय से रिक्त चल रहे जिला परियोजना समन्वयक (डीपीसी) पद पर सोमवार को अखिलेश राजपूत ने पदभार ग्रहण कर लिया। उनके पदभार संभालने के साथ ही जिला शिक्षा केंद्र में प्रशासनिक नेतृत्व की कमी दूर होने की उम्मीद जगी है। इससे पहले तत्कालीन डीपीसी धर्मेंद्र सिंह हाड़ा के स्थानांतरण के बाद यह जिम्मेदारी अतिरिक्त रूप से एपीसी राजेश झा के पास थी।

पदभार ग्रहण करने के अवसर पर आजाद अध्यापक शिक्षक संघ रतलाम द्वारा नवागत डीपीसी अखिलेश राजपूत का भव्य स्वागत किया गया। संघ के संभागाध्यक्ष प्रकाश शुक्ला एवं जिलाध्यक्ष सुनील कुमार गोंड़ के नेतृत्व में शिक्षकों ने पुष्पहार पहनाकर उनका अभिनंदन किया।

इस अवसर पर संघ पदाधिकारियों ने आश्वस्त किया कि शासन की शिक्षा एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में संगठन पूरा सहयोग देगा तथा रतलाम जिले को प्रदेश में अग्रणी बनाने के लिए मिलकर कार्य किया जाएगा।

नवागत डीपीसी अखिलेश राजपूत ने अपने संबोधन में कहा कि वे स्वयं को अधिकारी नहीं, बल्कि शिक्षा परिवार का एक सदस्य मानते हैं। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए सभी के सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। शिक्षकों के सहयोग के बिना किसी भी योजना का सफल क्रियान्वयन संभव नहीं है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि समस्याओं के समाधान और शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने में वे सदैव शिक्षकों के साथ खड़े रहेंगे।

कार्यक्रम में महेंद्र सिंह भाटी, राजेश स्वर्णकार, दिनेश परमार, हरिराम जाटवा, रमेश उपाध्याय, किरण पाटीदार, सावन पारगी, राजेंद्र सिंह राठौर, कैलाश सिंह जादौन, तरन्नुम जहां सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं संघ पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## विदेशी मेहमानों की जानकारी छिपाना पड़ा भारी, होटल संचालक और मैनेजर पर केस

**रतलाम।** विदेशी नागरिकों के ठहरने से जुड़े सुरक्षा नियमों की अनदेखी का मामला सामने आया है। शहर के एक प्रतिष्ठित होटल में चीन के चार नागरिक करीब एक माह तक ठहरे रहे, लेकिन होटल प्रबंधन ने उनकी जानकारी न तो निर्धारित ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज कराई और न ही स्थानीय पुलिस को सूचित किया। मामला सामने आने के बाद पुलिस ने होटल संचालक और मैनेजर के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार, दिसंबर 2025 से जनवरी 2026 के बीच चार चीनी नागरिक व्यवसायिक कार्य के सिलसिले में रतलाम आए थे और शहर के अजंता पैलेस होटल में ठहरे हुए थे। वे बिजनेस वीजा पर भारत आए थे तथा मशीनरी से जुड़े कार्यों में लगे थे। विदेशी नागरिकों के वीजा रिकॉर्ड की समीक्षा के दौरान संबंधित विभाग द्वारा यह जानकारी पुलिस मुख्यालय तक पहुंची, जिसके बाद पूरे मामले की जांच शुरू की गई।

जांच में पाया गया कि होटल प्रबंधन ने विदेशी मेहमानों के ठहरने की अनिवार्य सूचना संबंधित विभागों को नहीं दी। निर्धारित प्रक्रिया के तहत विदेशी नागरिकों की जानकारी ऑनलाइन सी-फॉर्म पोर्टल पर अपलोड करना और आवश्यक होने पर स्थानीय पुलिस को सूचित करना अनिवार्य होता है, लेकिन इस मामले में ऐसा नहीं किया गया। प्राथमिक जांच के आधार पर स्टेशन रोड थाना पुलिस ने होटल संचालक डॉ. सुभाष अग्रवाल और होटल मैनेजर शिवसिंह राठौर के खिलाफ आप्रवास एवं विदेशी विषयक अधिनियम-2025 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अब यह भी जांच कर रही है कि सूचना नहीं देने के पीछे लापरवाही थी या नियमों की जानबूझकर अनदेखी की गई।

## सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते दो युवक गिरफ्तार

**रतलाम।** दीनदयाल नगर थाना क्षेत्र में सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के दौरान आरोपियों के कब्जे से नगदी और ताश के पत्ते बरामद किए गए। पुलिस के अनुसार 1 जून की शाम मथुरी रोड स्थित सार्वजनिक स्थान पर कुछ लोगों द्वारा जुआ खेलने की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी, जहां दो युवक ताश के पत्तों पर हार-जीत की बाजी लगाते मिले। पुलिस ने मौके से अमरसिंह पिता लालू सिंगाड़ (21) निवासी मोरवानी तथा श्याम पिता सुंदरलाल ओहरी (26) निवासी झापला, जिला उज्जैन को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उनके पास से जुए में उपयोग की जा रही 200 रुपये की नगदी और 52 ताश के पत्ते जब्त किए गए। दीनदयाल नगर थाना पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट की धारा 13 के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। कार्रवाई सउनि लक्ष्मण सिंह दायमा के नेतृत्व में की गई।

## शार्ट-सर्किट से सुबह मकान में लगी आग

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** दौलतगंज में मंगलवार तडक़े एक मकान में आग लग गई। घटना माणकचौक थाना क्षेत्र से कुछ ही दूरी पर आयुर्वेदिक दवा दुकान के सामने गली में घनश्याम राठौर का मकान की है। बताते हैं कि घनश्याम का परिवार घर में सो रहा था। तडक़े तीन बजे के लगभग घनश्याम की पत्नी की नींद टूटी तो उसने मकान के बाहर चिंगारी देखी, तुरंत ही पति को जगाया। वे उठकर नीचे देखने पहुंचे तो देखा कि शार्ट सर्किट से तार में आग लग रही थी और नीचे कमरे में चार्जिंग पर लगा रखा मोबाइल भी आग से पूरी तरह जल चुका था। मुख्य दरवाजे पर भी आग थी। वह तुरंत ही ऊपर पहुंचा और पत्नी तथा बच्चे कार्तिक को खिडक़ी के जरिये सुरक्षित रूप से बाहर निकाला और खुद ने भी उसी खिडक़ी के रास्ते से कूदकर अपनी जान बचाई। इसी बीच आग की लपटों से वह मामूली रूप से झूलसा भी वहीं कूदने में पैर में चोट भी आई है।

घनश्याम ने बताया कि मकान में आग शार्ट सर्किट से लगी। बाहर तार में चिंगारी उठ रही थी, और वह देखने पहुंचा तब तक तक तो चिंगारी ने आग का रूप ले लिया था। घनश्याम ने बताया कि शुक्र है कि परिवार सही सलामत बच गया। चूंकि मकान कच्चा होने से आग से घर का सामान जलने के साथ मकान में रखी नगदी और दस्तावेज भी आग में जल गए। वहीं मकान की हालात और भी ज्यादा खतरनाक हो गई। बताया गया फायरब्रिगेड को सूचना देने के बाद दमकल लॉरी अव्वलतौर पर तो देरी से पहुंची। और जब आग बुझाने में जुटी तो पानी भी जल्द ही खत्म हो गया। वह वापस लेने पहुंची कि इसी बीच आग फिर तेज हो गई। फॉयर लॉरी भी आधी-अधूरी भरी पहुंच रही थी। दमकलकर्मियों ने छह गाड़ी फायर किया तब कहीं जाकर काबू पाया ।

## 2 साल से अधूरी रिटेनिंग वॉल, पार्षद ने दी भूख हड़ताल की चेतावनी

**जावरा।** एसडीआरएफ 2.0 योजना के तहत आनंदी हनुमान श्मशान घाट पर बन रही रिटेनिंग वॉल का कार्य दो साल बाद भी अधूरा है। जिसको लेकर वार्ड 9 की पार्षद जानीबाई धाकड़ ने 4 जून गुरुवार सुबह 10 बजे से भूख हड़ताल व आंदोलन की चेतावनी दी है। उन्होंने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर नगर पालिका को काम शुरू कराने के निर्देश देने की मांग की है। पार्षद जानीबाई धाकड़ ने दिए ज्ञापन में बताया कि केंद्र सरकार की एसडीआरएफ 2.0 योजना के तहत श्मशान घाट पर 360 मीटर रिटेनिंग वॉल बनना थी, लेकिन लगभग 210 मीटर ही बनकर काम बंद पड़ा है। दो साल बीतने के बाद भी कार्य पूरा नहीं हुआ। नगर पालिका को कई बार अवगत कराने के बावजूद ध्यान नही दिया। पार्षद ने बताया कि 05/06/2024 से 22/05/2026 तक कुल 11 बार पत्र के माध्यम से नगर पालिका को गुणवत्तापूर्ण कार्य व ड्राइंग-डिजाइन अनुसार काम चालू कराने के लिए लिखा, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

**एक नजर में** — सिंहस्थ 2028 से पहले फोरलेन जरूरी, बाधा डालने वालों पर हो कार्रवाई

# फोरलेन विवाद : खेती बचाने पुराने अलाइनमेंट की मांग, सौंपा ज्ञापन

**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** जावरा-उज्जैन फोरलेन रोड निर्माण को लेकर विवाद गहरा गया है। एक तरफ प्रार्थीगणो ने अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर हुसैन टेकरी चौराहे से जोयो होटल तक पूर्व से अधिग्रहित भूमि पर पुराने अलाइनमेंट से ही फोरलेन बनाने की मांग की है। वहीं दूसरा ज्ञापन सीएसपी को दिया तथा सार्वजनिक कार्यों में बाधा डालने वालों पर कार्रवाई की मांग की। सौंपे गए ज्ञापन में बताया कि 2011 में हुसैन टेकरी चौराहे से जोयो होटल तक फोरलेन के लिए भूमि अधिग्रहित कर टू-लेन रोड बनाया था। 2024 में अतिरिक्त भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही शुरू की थी, जो 14 जनवरी 2026 को निरस्त हो गई। अब नया अलाइनमेंट हुसैन टेकरी से हिंगलाज माता मंदिर तक प्रस्तावित है, जिससे 16 हेक्टेयर उपजाऊ कृषि भूमि अधिग्रहित होगी। प्रार्थीगण का तर्क है कि पुराने अलाइनमेंट पर जमीन पहले से उपलब्ध है। नए अलाइनमेंट पर बाजार मूल्य से 4 गुना मुआवजा देना होगा, जिससे सरकार पर करोड़ों का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। उन्होंने कहा कि फोरलेन निर्माण में अतिरिक्त भूमि की जरूरत पर वे अपनी दुकान-कृषि भूमि देने को तैयार हैं। प्रार्थीगण ने पुराने अलाइनमेंट पर ही रोड बनाने की मांग की है।



**बाधा डालने वालों पर हो कार्रवाई**

सीएसपी को दिए ज्ञापन में कहा गया कि जावरा-उज्जैन फोरलेन सिंहस्थ 2028 के मद्देनजर अत्यंत आवश्यक है। आरोप लगाया कि कुछ लोग निजी हितों के कारण विकास कार्यों में बाधा बनकर बार-बार धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। ऐसे अवांछित लोगों के विरुद्ध योग्य व ठोस प्रशासनिक कार्यवाही की मांग की गई, ताकि जनहितैषी कार्य समय पर पूरे हों।



## गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने के मांग

जावरा। जीवदया कार्यक्रम के दौरान जैन सोशल ग्रुप सीनियर सिटीजन एवं जैन सोशल ग्रुप मेन ने गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित किए जाने की मांग का समर्थन करते हुए केंद्र सरकार से इस दिशा में शीघ्र निर्णय लेने की अपील की। कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारियों और सदस्यों ने गौमाता के जयघोष लगाते हुए अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। स्व. पारसमल एवं स्व. मनोरमा देवी कोठारी की पुण्य स्मृति में जीवदया सोसायटी परिसर में आयोजित कार्यक्रम में गौमाता की पूजा-अर्चना की गई तथा फल, सब्जियां, गुड़ और हरी घास खिलाकर गौ-सेवा की गई। ग्रुप संयोजक सुजानमल कोचट्टा ने बताया संगठन गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग के समर्थन में राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजेगा। ग्रुप अध्यक्ष नवनीतसिंह श्रीमाल, उपाध्यक्ष महावीर डांगी, सचिव अशोक औरा, कोषाध्यक्ष जवाहरलाल श्रीमाल सहित अन्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम लाभार्थी प्रदीप कुमार कोठारी ने माता-पिता की स्मृति में सामाजिक एवं सेवा कार्यों के लिए 22 हजार रुपये सहयोग राशि देने की घोषणा की।